

उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र को अलग ढंग से हरा-भरा बनाना

वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 **(भाग-II)**

सिडबी

आंतरिक

परिशिष्ट I पेज 01-44
परिशिष्ट II पेज 45-92

परिशिष्ट-I

सिडबी के लाभ हानि लेखा और
नकदी प्रवाह विवरणी के साथ
एकल वित्तीय पत्र

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

निदेशक मंडल
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा संबंधी रिपोर्ट

राय

1. हमने **भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक** (बैंक") के एकल वित्तीय विवरणों, जो साथ में रखे गए हैं, की लेखापरीक्षा की है, जिनमें यथा 31 मार्च, 2024 का तुलन-पत्र, उसी तारीख को समाप्त वर्ष हेतु लाभ-हानि लेखा, नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों के सार एवं अन्य व्याख्यात्मक जानकारी सहित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियाँ शामिल हैं।

   हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम, 2000 के विनियम 14 (1) के अनुसार अपेक्षित तरीके से आवश्यक जानकारी देते हैं और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा अधिसूचित लेखा मानकों और भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप यथा 31 मार्च 2024 को बैंक के कार्यकलापों की स्थिति और उस तारीख को समाप्त वर्ष हेतु इसके लाभ और इसके नकदी प्रवाह को सही और उचित रूप में दर्शाते हैं।

राय के लिए आधार

हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारी का और अधिक ब्योरा हमारी रिपोर्ट के 'एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षकों के दायित्व' खंड में दिया गया है। हम आईसीएआई द्वारा जारी "आचार संहिता" के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि हमने जो ऑडिट साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे एकल वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

विशेष रूप से ध्यातव्य मामले

3. हम एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XVI के नोट संख्या 26 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित त्वरित प्रावधान नीति के अनुसार, आईआरएसी मानदंडों के तहत न्यूनतम निर्धारित दरों से अधिक दरों पर मानक अग्रिमों पर अतिरिक्त प्रावधान से संबंधित है।

4. हम एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XVI के नोट संख्या 30 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, जो सीजीटीएमएसई को 500 करोड़ रुपये के अंशदान से संबंधित है।

इस मामले के संबंध में हमारी कोई अलग राय नहीं है।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारी पेशेवर दृष्टि से 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के एकल वित्तीय विवरण की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों पर समग्र रूप से एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा और उन पर हमारी राय निर्धारित करने के संदर्भ में विचार किया गया था और इन मामलों के संबंध में हम अलग से राय नहीं देते हैं।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामला	हमारी लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामले पर किस तरह विचार किया गया
I. अग्रिमों का वर्गीकरण **गैर-निष्पादक अग्रिमों का निर्धारण, आय निर्धारण और अग्रिमों पर प्रावधान (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची VIII, अनुसूची XV के नोट 6 के साथ पठित, देखें)** अग्रिमों में बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, अल्प वित्त संस्थाओं तथा एनबीएफसी को पुनर्वित्त ऋण; और प्रत्यक्ष ऋण, नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट, मांग पर चुकौतीयोग्य ऋण और सावधि ऋण सहित, शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के लिए अग्रिमों के संबंध में आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान संबंधी विवेकपूर्ण मानदंड (आईआरएसीपी मानदंड) निर्धारित किए हैं। निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों (लागू आईआरएसीपी मानदंडों के अंतर्गत पुनःसंरचित अग्रिमों सहित) की पहचान में उचित तंत्र की स्थापना शामिल है और बैंक से अपेक्षा की जाती है कि वह विनियमों द्वारा निर्धारित मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों कारकों को लागू करते हुए प्रत्येक अग्रिम के लिए अपेक्षित प्रावधान की मात्रा की पहचान करने और निर्धारित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वविवेक का प्रयोग करे।	अग्रिमों के वर्गीकरण, गैर-निष्पादक अग्रिमों के निर्धारण, आय निर्धारण और अग्रिमों पर प्रावधान के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण/प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं: - गैर-निष्पादक आस्तियों के निर्धारण और प्रावधान के लिए बैंक की लेखांकन नीतियों को समझना और उन पर विचार करना और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों (आईआरएसीपी मानदंडों) के अनुपालन, जिसमें पुनःसंरचित अग्रिमों पर अतिरिक्त प्रावधान और प्रदत्त आस्ति वर्गीकरण लाभ शामिल हैं, का आकलन करना, - भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित आईआरएसीपी संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों के आधार पर ह्रासित खातों के निर्धारण और प्रावधान के लिए प्रमुख नियंत्रणों (सिस्टम आधारित स्वचालित नियंत्रणों सहित) को समझना। - बैंक द्वारा एनपीए के निर्धारण को कवर करने वाली सारभूत लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं सहित अन्य प्रक्रियाओं को निष्पादित करना। इन प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं: 1) जहां अग्रिम दर्ज किए गए हैं, उन एप्लीकेशन सिस्टमों से उत्पन्न अपवाद रिपोर्टों के परीक्षण पर विचार करना

प्रमुख लेखापरीक्षा मामला	**हमारी लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामले पर किस तरह विचार किया गया**
एनपीए के निर्धारण और प्रावधान के लिए काफी स्वविवेक और अनुमान की विद्यमानता निम्नलिखित के विषय में सारभूत गलतबयानी को जन्म दे सकते हैं: - आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार गैर-निष्पादक आस्तियों के निर्धारण की पूर्णता और समय; - ऋण एक्सपोजर, आयु और ऋणों के वर्गीकरण, प्रतिभूति के वसूलीयोग्य मूल्य के आधार पर गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान की माप - गैर-निष्पादक आस्तियों की अप्राप्त आय का उपयुक्त प्रतिवर्तन चूंकि अग्रिमों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक आस्तियों का निर्धारण और अग्रिमों पर प्रावधान करना (लागू आईआरएसीपी के तहत पुनःसंरचित अग्रिमों पर अतिरिक्त प्रावधान सहित) और अग्रिमों पर आय निर्धारण - में उपयुक्त नियंत्रण कार्यप्रणाली और बैंक द्वारा महत्वपूर्ण स्तर के अनुमानों की आवश्यकता होती है; - बैंक के समग्र वित्तीय विवरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं; अतः हमने इस क्षेत्र को प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के तौर पर निर्धारित किया है।	2) दबाव निर्धारण हेतु, सिडबी और अन्य बैंकों द्वारा विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के बड़े ऋणों से संबंधित केंद्रीय भंडार(क्रिलिक) में रिपोर्ट किए गए खातों पर विचार करना 3) मात्रात्मक और गुणात्मक जोखिम कारकों के आधार पर चुने गए उधारकर्ताओं की खाता विवरणियों, आहरण शक्ति परिकलन, प्रतिभूति और अन्य संबंधित जानकारी की समीक्षा करना 4) ऋण और जोखिम समिति की बैठकों के कार्यवृत्त पढ़ना और बैंक से पूछताछ करना ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या किसी ऋण खाते या किसी उत्पाद में दबाव या चूक की घटना के संकेतक थे। 5) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार किए गए आंतरिक लेखा परीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा की प्रमुख टिप्पणियों पर विचार करना 6) वर्ष के दौरान बैंक पर आरबीआई की वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट, टिप्पणियों पर बैंक के प्रत्युत्तर तथा आरबीआई के साथ हुए अन्य पत्राचार पर विचार करना 7) बैंक की कोर बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से आईआरएसीपी प्रक्रियाओं के स्वचालन पर आरबीआई परिपत्र के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए बैंक द्वारा नियुक्त बाहरी विशेषज्ञ द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की समीक्षा करना। 8) भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में नमूना आधार पर अग्रिमों, दबावग्रस्त / पुनःसंरचित अग्रिमों सहित, का परीक्षण। 9) प्रतिदर्श उधारकर्ताओं के लिए खाता शेष की स्वतंत्र पुष्टि प्राप्त करना। 10) शाखाओं/कार्यालयों का दौरा तथा अग्रिमों से संबंधित प्रलेखन और अन्य अभिलेखों की जांच करना। निर्धारित गैर-निष्पादक अग्रिमों के लिए हमने, दबावग्रस्त क्षेत्रों और खाता सारभूतता सहित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए, नमूना आधार पर आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार आस्ति वर्गीकरण तिथियों, वसूल न हुए ब्याज के प्रतिवर्तन, उपलब्ध प्रतिभूति के मूल्य और प्रावधानों की जांच की। हमने प्रमुख निविष्टि कारकों पर विचार करने के बाद ऐसे नमूनों पर एनपीए हेतु प्रावधान की पुनःगणना की और उसके परिणाम की तुलना प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए आंकड़ो से की।
II. निवेशों का मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों का निर्धारण और उनके लिए प्रावधान (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची VII, अनुसूची XV के नोट 3 के साथ पठित) निवेशों को राजकोष परिचालन और व्यवसाय परिचालन के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। निवेशों में बैंक द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों, बॉण्ड, डिबेंचर, शेयर, म्युचुअल फंड, वीसीएफ और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किए गए निवेश शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों का निर्धारण, आय का अनिर्धारण तथा गैर-निष्पादक निवेशों के संबंध में प्रावधान शामिल हैं।	भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों/निदेशों के संदर्भ में निवेशों के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण/प्रक्रियाओं में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) के निर्धारण और निवेशों से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रणों और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को समझना शामिल है। विशेष रूप से - - हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों के निर्धारण, गैर-निष्पादक निवेशों पर आय के प्रतिवर्तन और निवेश से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रासंगिक दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और उसे समझा;

प्रमुख लेखापरीक्षा मामला	हमारी लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामले पर किस तरह विचार किया गया
उपर्युक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और निदेशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है, जिसमें एफबीआईएल / एफआईएमएमडीए दरों, बीएसई/एनएसई पर कोट की गई दरें, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण जैसे विभिन्न स्रोतों से आंकडे/सूचना एकत्र करना शामिल है। हमने निवेश के मूल्यांकन और गैर-निष्पादक निवेशों के निर्धारण को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया क्योंकि लागू नियामक दिशानिर्देशों और बैंक की नीतियों के आधार पर कतिपय निवेशों (बॉण्ड और डिबेंचर, वीसीएफ) के मूल्य का निर्धारण करने में प्रबंधन का स्वविवेक शामिल रहता है और एचटीएम बही का ह्रासमान मूल्यांकन प्रबंधन स्वविवेक, नियामकीय अपेक्षाओं पर ध्यान देने की मात्रा और बैंक के वित्तीय परिणामों के लिए उसके समग्र महत्व पर आधारित होता है।	- हमने इन निवेशों के बाजार मूल्य का निर्धारण करने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया; - विद्यमान निवेश के चुनिंदा नमूनों के लिए, हमने प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी हेतु पुनः मूल्यांकन करके सटीकता और आरबीआई मास्टर परिपत्रों और निर्देशों के अनुपालन का परीक्षण किया; - हमने आरबीआई के परिपत्रों और निर्देशों के अनुसार रखे जाने वाले प्रावधान का स्वतंत्र रूप से पुनः परिकलन करने के लिए सारभूत लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं निष्पादित कीं। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादक निवेशों के लिए उनका परीक्षण किया और रखे जाने वाले प्रावधान का पुनः परिकलन किया और यह देखा कि क्या गैर-निष्पादक निवेशों के उन चयनित नमूनों के लिए आय का उपार्जन आरबीआई परिपत्र के अनुसार है।
III. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और नियंत्रण, जो वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करते हैं बैंक की प्रमुख वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं की इनफॉर्मेशन सिस्टम्स, सिस्टम में विद्यमान स्वचालित नियंत्रणों सहित, पर इतनी अधिक निर्भरता है कि यह जोखिम मौजूद है कि आईटी नियंत्रण वातावरण में गैप के परिणामस्वरूप वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग अभिलेख सारभूत रूप से अशुद्ध हो सकते हैं। आईटी पर्यावरण की व्यापक प्रकृति और जटिलता के साथ-साथ सटीक और समय पर वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में इसके महत्व के कारण, हमने इस क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है।	वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए बैंक की आईटी प्रणालियों और संबंधित नियंत्रणों की समीक्षा के लिए हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के एक भाग के रूप में: - हमने बैंक के आईटी सिस्टम और नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया जो वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। - उचित समय-अंतराल पर चिह्नित एप्लीकेशन सिस्टमों के लिए एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर ऑडिट कराने के लिए बैंक में एक कार्य प्रणाली विद्यमान है। बैंक द्वारा समुचित समय-अंतरालों पर सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा की जाती है। - वर्ष के दौरान बैंक के आईटी सिस्टम्स पर किए गए ऑडिट से प्राप्त प्रमुख टिप्पणियों की हमने समीक्षा की।
IV. प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का आकलन (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XV के नोट 10 और नोट 12): कतपिय मुकदमों, प्रत्यक्ष कर सहित, ऋण के रूप में स्वीकार न किए गए अन्य पक्षों द्वारा दायर विभिन्न दावों (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XI) और विभिन्न कर्मचारी लाभ योजनाओं (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची V) के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं के आकलन को एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया गया । कर मामलों और अन्य कानूनी दावों के संबंध में आवश्यक प्रावधान के स्तर का आकलन करने में और प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं, दोनों का प्रकटन करने में उच्च स्तर का स्वविवेक शामिल रहता है। बैंक का आकलन मामले के तथ्यों, उसके अपने विवेक, पिछले अनुभव और कानूनी और स्वतंत्र कर परामर्शदाताओं की सलाह, जहाँ आवश्यक समझी जाए, पर आधारित होता है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलनपत्र में प्रस्तुत स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं।	हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण/प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल थे: - मुकदमों/कर निर्धारण की वर्तमान स्थिति को समझना; - विभिन्न कर प्राधिकारियों/न्यायिक मंचों से प्राप्त हाल के आदेशों और/या पत्रादि और उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की जांच करना; - महत्वपूर्ण मानी गई विषयवस्तु के गुणदोष का मूल्यांकन उसमें प्रस्तुत आधारों और उपलब्ध स्वतंत्र कानूनी/कर सलाह, बैंक के कर परामर्शदाताओं की राय सहित, के संदर्भ में करना ; - चर्चाओं, विचाराधीन विषय वस्तु के ब्योरो के संग्रह, उन मुद्दों के संभावित परिणाम और उसके फलस्वरूप संभावित धन निर्गम के माध्यम से बैंक के तर्कों की समीक्षा और मूल्यांकन,; और - डेटा की पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करना, योजनाओं की आस्तियों के उचित मूल्य का मापन, विशिष्ट योजनाओं और बाजार परिपाटियों के संदर्भ में कर्मचारी देयताओं के मूल्यांकन के लिए प्रबंधन द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली धारणाओं को निर्धारित करने में किए गए निर्णयों को समझना।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामला	हमारी लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामले पर किस तरह विचार किया गया
कर्मचारी लाभ देयताओं के मूल्यांकन को विविध बीमांकिक धारणाओं और निवष्टियों, बट्टा दर, मुद्रास्फीति की दर और मृत्यु दर सहित, के संदर्भ में परिकलित किया जाता है। इसके संबंध में वित्तपोषित आस्तियों का मूल्यांकन भी धारणाओं में परिवर्तन के प्रति संवेदनशील होता है। जिन मामलों में कानून की व्याख्या, प्रत्येक मामले की परिस्थितियों और शामिल अनुमानों में स्वविवेक लागू करने की आवश्यकता होती है, उन मामलों के परिणामों से जुड़ी हुई अनिश्चितता के मद्देनजर हमने उपर्युक्त क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया है।	- हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में बीमांकक द्वारा उपयोग की जाने वाली कुछ धारणाओं का मूल्यांकन शामिल है, जो प्रासंगिक मृत्यु दर तालिकाओं के साथ जीवन प्रत्याशा धारणाओं की तुलना, बाहरी बाजार डेटा के प्रति मुद्रास्फीति और बट्टा दर की बेंचमार्किंग करके किया गया है। हमने योजना आस्तियों का प्रबंधन करने वाली आस्ति प्रबंधन कंपनियों द्वारा प्रदत्त विवरणियों से योजना आस्तियों के मूल्य का सत्यापन किया। - एकल वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण मुकदमों, कराधान मामलों और कर्मचारी लाभ देयताओं से संबंधित प्रकटनों का सत्यापन।

6. एकल वित्तीय विवरणों से इतर अन्य जानकारी और उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

अन्य जानकारी के लिए बैंक का प्रबंधन जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में वार्षिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी शामिल है, लेकिन उसमें एकल वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है। आशा की जाती है कि बैंक की वार्षिक रिपोर्ट इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराई जाएगी।

एकल वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के अंतर्गत अन्य जानकारी को कवर नहीं किया गया है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करेंगे।

एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी ज़िम्मेदारी यह है कि जब अन्य जानकारी उपलब्ध हो जाए तो उसे पढ़ें और ऐसा करते हुए यह विचार करें कि क्या अन्य जानकारी एकल वित्तीय विवरणों से सारभूत रूप से असंगत है अथवा ऑडिट के जरिए या अन्यथा प्राप्त हमारी जानकारी सारभूत रूप से अयथार्थ प्रतीत होती है। जब हम बैंक की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर इस निष्कर्ष पर पहुंचें कि इस अन्य जानकारी की सारभूत रूप से गलतबयानी की गई है, तो आवश्यक है कि हम उक्त मामले में उन लोगों को सूचित करें जिनके पास अभिशासन का प्रभार है।

एकल वित्तीय विवरणों हेतु प्रबंधन एवं अभिशासन के प्रभारियों का उत्तरदायित्व

7. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के सामान्य विनियम, 2000 और आईसीएआई द्वारा जारी लागू लेखा मानकों एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों सहित भारत में समान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार बैंक का प्रबंधन इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार किए जाने के संबंध में उत्तरदायी है जो बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्यनिष्पादन और नकद प्रवाह को सही और उचित रूप में दर्शाते हैं। इस उत्तरदायित्व में बैंक की आस्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और रोकने के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का रखरखाव; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और लागू किया जाना; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय लेना और अनुमान लगाना; और ऐसे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निर्मिति, कार्यान्वयन एवं रखरखाव करना शामिल है, जो लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करें, और सही और उचित स्थिति दर्शाने वाले ऐसे एकल वित्तीय विवरणों को तैयार और प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक हों, जो धोखाधड़ी या त्रुटि जन्य गलतबयानियों से मुक्त हों।

एकल वित्तीय विवरण तैयार करने में, प्रबंधन सतत संस्था के रूप में जारी रहने की बैंक की क्षमता का आकलन करने, सतत संस्था से जुड़े मामलों को प्रकट करने, जैसा लागू हो, और लेखांकन के सतत संस्था आधार का इस्तेमाल करने के लिए उत्तरदायी है, जब तक कि प्रबंधन का इरादा बैंक का परिसमापन करने या परिचालन बंद करने का न हो या ऐसा करने का कोई यथार्थपरक विकल्प न हो। बैंक प्रबंधन बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने के लिए भी जिम्मेदार है।

एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों के उत्तरदायित्व

8. हमारा उद्देश्य यह है कि इस विषय में उचित आश्वासन प्राप्त किया जाए कि एकल वित्तीय विवरण समग्र रूप से सारभूत गलतबयानियों, चाहे वे धोखाधड़ीजन्य हों या त्रुटिजन्य, से मुक्त हैं, और एक ऐसी लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी की जाए जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित आश्वासन आश्वासन का एक उच्च स्तर है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार संचालित लेखापरीक्षा, किसी सारभूत गलतबयानी के विद्यमान होने पर हमेशा उसका पता लगा लेगी। गलतबयानियाँ धोखाधड़ी या त्रुटि के फलस्वरूप हो सकती हैं और उन्हें तब सारभूत माना जाता है, जब यह संभावना हो कि इन एकल वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ताओं द्वारा किए गए आर्थिक निर्णयों को ये गलतबयानियाँ अलग अलग या सामूहिक रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में, हम पेशेवर विवेक का इस्तेमाल करते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। इसके अतिरिक्त हम :

- एकल वित्तीय विवरणों में सारवान गलतबयानी के जोखिमों को पहचानते हैं और उनका आकलन करते हैं,

चाहे वे धोखाधड़ीजन्य हों या त्रुटिजन्य, उन जोखिमों के प्रति अनुक्रियाशील लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार और निष्पादित करते हैं और ऐसे ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हो। त्रुटिजन्य गलतबयानी की तुलना में धोखाधड़ीजन्य गलतबयानी का पता न लगने पर जोखिम अधिक होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन चूक, त्रुटिपूर्ण कथन या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकते हैं।

- लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रणों की समझ हासिल करते हैं, ताकि ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन किया जा सके जो उन परिस्थितियों में उपयुक्त हों, किंतु वे प्रभावशीलता पर राय व्यक्त करने के लिए नहीं होतीं।

- प्रबंधन द्वारा एकल वित्तीय विवरणों में प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटनों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करते हैं।

- प्रबंधन द्वारा लेखांकन के सतत संस्था आधार के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालते हैं और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह निष्कर्ष निकालते हैं कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई सारभूत अनिश्चितता मौजूद है जो सतत संस्था के रूप में जारी रहने की बैंक की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हमारा निष्कर्ष होता है कि सारभूत अनिश्चितता विद्यमान है, तो यह अपेक्षित है कि हम अपनी लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में एकल वित्तीय विवरणों के संबंधित प्रकटीकरण की ओर ध्यान आकर्षित करें अथवा यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हों, तो अपनी राय संशोधित करें। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाओं या स्थितियों के कारण बैंक का एक सतत संस्था के रूप में जारी रहना बंद हो सकता है।

- प्रकटीकरण सहित एकल वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषयवस्तु का मूल्यांकन करते हैं और यह देखते हैं कि क्या एकल वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को इस तरह से दर्शाते हैं जिससे उचित प्रस्तुति का लक्ष्य हासिल होता हो।

सारभूतता एकल वित्तीय विवरणों में विद्यमान गलतबयानी की वह मात्रा है, जो अलग-अलग या सामूहिक रूप से यह संभाव्यता पैदा करती है कि वित्तीय विवरणों के पर्याप्त जानकार प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में; और (ii) वित्तीय विवरणों में चिह्नित किसी गलतबयानी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक सारभूतता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम उन लोगों के साथ संवाद करते हैं जिन पर, अन्य मामलों के साथ-साथ, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे एवं समय और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों, लेखापरीक्षा के दौरान हमारे द्वारा चिह्नित की जाने वाली किसी महत्वपूर्ण कमी सहित, से संबंधित अभिशासन का प्रभार है।

हम अभिशासन के प्रभारियों को इस आशय का कथन भी प्रस्तुत करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और ऐसे सभी रिश्तों तथा अन्य मामलों, और जहां लागू हों वहां संबंधित सुरक्षा उपायों, की जानकारी देते हैं जिनके विषय में तर्कसंगत रूप से यह सोचा जा सकता है कि वे हमारी स्वतंत्रता पर प्रभाव डालेंगे।

अभिशासन के प्रभारियों को सूचित किए गए मामलों में से हम उन मामलों को निर्धारित करते हैं जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष हेतु एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन उक्त मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता न हो अथवा जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हमने यह न निर्धारित किया हो कि किसी मामले को हमारी रिपोर्ट में सूचित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसी पर्याप्त संभावना है कि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम इस तरह की सूचना देने से होने वाले सार्वजनिक हित लाभों से अधिक होंगे।

9. अन्य मामले

i. इन एकल वित्तीय परिणामों में प्रधान कार्यालय सहित उन 23 शाखाओं की संबंधित विवरणियां का समावेश हैं, जिनका दौरा/ लेखापरीक्षा हमारे द्वारा की गई है, जिसके अंतर्गत यथा 31 मार्च 2024 को अग्रिमों का 96.45%, जमाराशियों का 98.51%, उधारियों का 100% और 01.04.2023 से 31.03.2024 तक की अवधि हेतु अग्रिमों पर ब्याज आय का 96.60%, जमा पर ब्याज व्यय का 97.35% और उधारियों पर ब्याज-व्यय का 99.74% कवर करता है। इन शाखाओं का चयन बैंक प्रबंधन के परामर्श से किया गया है। अपनी लेखापरीक्षा संपन्न करने के दौरान, हम बैंक की उन शेष शाखाओं से प्राप्त विभिन्न सूचनाओं और विवरणियों निर्भर रहे हैं, जिनके दौरे हमने नहीं किए। ये सूचनाएं और विवरणियाँ प्रधान कार्यालय के केंद्रीकृत डेटाबेस के माध्यम से उत्पन्न की गईं थी।

ii. 1 अप्रैल 2023 के अथशेष 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए हैं, जिनकी लेखा-परीक्षा पूर्ववर्ती स्वतंत्र लेखापरीक्षक द्वारा की गई थी, जिन्होंने 12 मई 2023 की अपनी रिपोर्ट के माध्यम से अपनी कोई अलग राय व्यक्त नही की है।

उपर्युक्त मामलों में हमारी कोई अलग राय नहीं है।

अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

10. एकल तुलनपत्र और एकल लाभ-हानि लेखा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम, 2000 के विनियम 14 (i) के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

हम रिपोर्ट करते हैं कि:

1) हमने ऐसी सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, हमारी लेखापरीक्षा संबंधी प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे और उन्हें संतोषजनक पाया है ;

2) बैंक के जो लेन-देन हमारे संज्ञान में आए हैं, वे बैंक की शक्तियों के अंतर्गत हैं और

3) बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरणियां हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए पर्याप्त पाई गई हैं।

11. हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

1) हमारी राय में, बैंक ने विधि द्वारा अपेक्षित लेखा-बहियों समुचित रूप से रखरखाव किया है, जहाँ तक कि इन लेखा-बहियों की हमारी जाँच से पता चलता है। जिन शाखाओं का हमने दौरा नहीं किया है, उनसे समुचित विवरणियाँ प्राप्त हुई हैं, जो हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त थीं।

2) इस रिपोर्ट द्वारा जिस तुलनपत्र और लाभ-हानि लेखा तथा नकदी प्रवाह विवरणी पर विचार किया गया है, वह लेखा-बही के अनुरूप है;

3) हमारी राय में, उक्त एकल वित्तीय विवरण लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

कृते जे. काला एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 118769W

(जयेश काला)
साझेदार
एफआरएन : 101686
यूडीआईएन:24101686BKAJVW8401

दिनांक: 29 मई, 2024
स्थान : मुंबई

तुलन-पत्र

यथा 31 मार्च, 2024

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
पूँजी एवं देयताएँ	**अनुसूचियां**		
पूंजी	I	5,68,54,11,690	5,68,54,11,690
आरक्षितियां, अधिशेष एवं निधियाँ	II	3,11,47,97,41,280	2,72,40,69,75,549
जमा	III	20,63,84,20,90,591	16,50,36,14,64,621
उधार	IV	27,05,45,48,39,639	20,06,57,92,03,549
अन्य देयताएँ एवं प्रावधान	V	1,38,74,75,34,843	88,79,41,95,410
आस्थगित कर देयता		-	-
योग		**52,25,20,96,18,043**	**40,23,82,72,50,819**
आस्तियां			
नकदी एवं बैंक शेष	VI	2,33,08,59,93,676	1,21,08,82,02,380
निवेश	VII	3,64,09,90,81,370	2,90,88,65,76,872
ऋण एवं अग्रिम	VIII	45,60,15,07,04,381	35,64,39,06,80,346
स्थिर आस्तियां	IX	2,86,18,84,189	2,96,39,45,951
अन्य आस्तियां	X	65,01,19,54,427	44,49,78,45,270
योग		**52,25,20,96,18,043**	**40,23,82,72,50,819**
आकस्मिक देयताएँ	XI	37,97,40,02,169	45,13,44,11,010
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	XV		
लेखा टिप्पणियाँ	XVI		

उपर्युक्त अनुसूचियां तुलन - पत्र का एक अविभाज्य अंग हैं।

सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते जे. काला एवं एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन.118769W

जयेश काला
साझेदार
एम नं. 101686

निदेशक मण्डल के आदेश से

अजित नाथ झा
मुख्य वित्तीय अधिकारी

प्रकाश कुमार
उप प्रबंध निदेशक

सुदत्त मण्डल
उप प्रबंध निदेशक

जी गोपालकृष्ण
निदेशक

के एस नगन्याल
निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांक: 29 मई, 2024

लाभ एवं हानि लेखा

यथा मार्च 31, 2024 को

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
आय	**अनुसूचियां**		
ब्याज और बट्टा	XII	3,13,09,96,10,081	1,79,53,53,96,172
अन्य आय	XIII	6,32,13,04,418	5,31,27,81,800
योग		**3,19,42,09,14,499**	**1,84,84,81,77,972**
व्यय			
ब्याज और वित्तीय प्रभार		2,28,81,47,69,951	1,24,05,66,16,459
परिचालन व्यय	XIV	18,65,06,99,392	8,23,53,29,635
प्रावधान और आकस्मिक व्यय		19,05,50,87,556	8,58,14,07,506
योग		**2,66,52,05,56,899**	**1,40,87,33,53,600**
कर पूर्व लाभ		**52,90,03,57,600**	**43,97,48,24,372**
आयकर के लिए प्रावधान		17,72,36,61,000	12,39,91,57,313
आस्थगित कर समायोजन [(आस्ति) / देयता]		(5,08,63,10,000)	(1,86,00,74,573)
कर पश्चात लाभ		**40,26,30,06,600**	**33,43,57,41,632**
अग्रानीत लाभ		66,87,00,000	40,00,00,000
कुल लाभ / (हानि)		**40,93,17,06,600**	**33,83,57,41,632**
विनियोजन			
सामान्य आरक्षिति में अंतरण		37,14,57,71,449	31,11,88,59,294
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष आरक्षित निधि में अंतरण		1,65,00,00,000	80,00,00,000
अन्य			
निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षिति में अंतरण		2,50,52,813	-
स्टाफ कल्याण निधि में अंतरण		16,85,00,000	11,11,00,000
शेयरों पर लाभांश		1,13,70,82,338	1,13,70,82,338
लाभांश पर कर		-	-
अग्रेनीत लाभ - हानि लेखा अधिशेष		80,53,00,000	66,87,00,000
अन्य		**40,93,17,06,600**	**33,83,57,41,632**
प्रति शेयर मूल / तनुकृत अर्जन		70.82	58.81
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	XV		
लेखा टिप्पणियाँ	XVI		

उक्त संदर्भित अनुसूचियां लाभ हानिलेखे का अभिन्न अंग हैं।

सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते जे. काला एवं एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन.118769W

जयेश काला
साझेदार
एम नं. 101686

निदेशक मण्डल के आदेश से

अजित नाथ झा
मुख्य वित्तीय अधिकारी

प्रकाश कुमार
उप प्रबंध निदेशक

सुदत्त मण्डल
उप प्रबंध निदेशक

जी गोपालकृष्ण
निदेशक

के एस नगन्याल
निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांक: 29 मई, 2024

तुलनपत्र की अनुसूचियाँ

पूंजी और देयताएँ

अनुसूची I: पूंजी

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
(क)	**प्राधिकृत पूंजी**	10,00,00,00,000	10,00,00,00,000
	- ईक्विटी शेयर पूंजी (₹ 10/- प्रति शेयर की दर से 75,00,00,000 ईक्विटी शेयर)	7,50,00,00,000	7,50,00,00,000
	- अधिमानी शेयर पूंजी (₹ 10/- प्रति शेयर की दर से 25,00,00,000 मोचनीय अधिमानी शेयर)	2,50,00,00,000	2,50,00,00,000
(ख)	**जारी, अभिदत्त और चुकता पूंजी :**	5,68,54,11,690	5,68,54,11,690
	- ईक्विटी शेयर पूंजी (₹ 10/- प्रति शेयर की दर से 56,85,41,169 ईक्विटी शेयर)	5,68,54,11,690	5,68,54,11,690
	- अधिमान शेयर पूंजी	-	-
योग		**5,68,54,11,690**	**5,68,54,11,690**

अनुसूची II: आरक्षितियाँ, अधिशेष और निधियाँ

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
क)	**आरक्षितियाँ**		
i)	**सामान्य आरक्षितियाँ**		
	- अथशेष	2,18,35,81,39,917	1,87,23,92,80,623
	- वर्ष के दौरान परिवर्धन	37,14,57,71,449	31,11,88,59,294
	- वर्ष के दौरान उपयोग	-	-
	- इतिशेष	**2,55,50,39,11,366**	**2,18,35,81,39,917**
ii)	**शेयर प्रीमियम**		
	- अथशेष	30,54,25,88,310	30,54,25,88,310
	- वर्ष के दौरान परिवर्धन	-	
	- वर्ष के दौरान उपयोग	-	-
	- इतिशेष	**30,54,25,88,310**	**30,54,25,88,310**
iii)	**विशिष्ट आरक्षितियाँ**		
क)	**निवेश आरक्षिति**		
	- अथशेष	-	-
	- वर्ष के दौरान परिवर्धन	-	-
	- वर्ष के दौरान उपयोग	-	-
	- इतिशेष	**-**	**-**
ख)	**आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अंतर्गत निर्मित एवं सुरक्षित विशेष आरक्षितियाँ**		
	- अथशेष	18,52,00,00,000	17,72,00,00,000
	- वर्ष के दौरान परिवर्धन	1,65,00,00,000	80,00,00,000
	- वर्ष के दौरान उपयोग	-	-
	- इतिशेष	**20,17,00,00,000**	**18,52,00,00,000**
ग)	**अन्य आरक्षितियाँ**		
i)	निवेश उतार चढ़ाव आरक्षिति		
	- अथशेष	1,25,89,52,956	1,25,89,52,956
	- वर्ष के दौरान परिवर्धन	2,50,52,813	-
	- वर्ष के दौरान उपयोग		
	- इतिशेष	**1,28,40,05,769**	**1,25,89,52,956**

तुलनपत्र की अनुसूचियाँ

अनुसूची II: आरक्षितियाँ, अधिशेष और निधियाँ (Contd.)

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
ख) लाभ और हानि लेखा में अधिशेष	**80,53,00,000**	**66,87,00,000**
ग) निधियाँ		
क) राष्ट्रीय ईक्विटी निधि		
- अथशेष	2,65,61,42,832	2,65,61,42,832
- वर्ष के दौरान परिवर्धन/ प्रतिलेखन	-	-
- वर्ष के दौरान उपयोग	-	-
- इतिशेष	**2,65,61,42,832**	**2,65,61,42,832**
ख) स्टाफ कल्याण निधि		
- अथशेष	40,24,51,534	32,83,53,383
- वर्ष के दौरान परिवर्धन	16,85,00,000	11,11,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोग	5,31,58,531	3,70,01,849
- इतिशेष	**51,77,93,003**	**40,24,51,534**
ग) अन्य	-	-
योग	**3,11,47,97,41,280**	**2,72,40,69,75,549**

अनुसूची III जमा

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
क) सावधि जमा	1,25,99,96,09,590	86,76,48,78,620
ख) बैंकों से		
क) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पुनर्वित्त निधि के तहत	18,91,19,34,36,000	15,28,76,15,16,000
ख) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम जोखिम पूंजी निधि के तहत	-	-
ग) अन्य - विदेशी और निजी क्षेत्र के बैंकों से	31,65,49,75,000	19,84,10,00,000
घ) एमएसएमई भारत आकांक्षा निधि के तहत	14,99,40,70,001	14,99,40,70,001
ङ) एमएसएमई क्षेत्र में उद्यम पूंजी हेतु निधि 2014-15 के तहत	-	-
उप-योग (ख)	**19,37,84,24,81,001**	**15,63,59,65,86,001**
योग	**20,63,84,20,90,591**	**16,50,36,14,64,621**

अनुसूची IV उधारियां

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
I) भारत में उधारियां		
1. भारतीय रिजर्व बैंक से	-	1,59,00,00,00,000
2. भारत सरकार से (भारत सरकार द्वारा अभिदत्त बाण्ड सहित)	4,36,28,02,083	5,17,27,06,344
3. बॉण्ड और डिबेंचर	8,11,80,29,00,000	4,67,55,00,00,000
4. अन्य स्रोतों से		
- वाणिज्यिक पत्र	2,25,24,00,00,000	3,94,25,00,00,000
- जमा प्रमाणपत्र	3,54,90,00,00,000	2,46,35,00,00,000
- बैंकों से सावधि ऋण	10,88,19,00,00,000	5,86,43,95,28,678
- सावधि मुद्रा उधारियां	-	-
- अन्य	1,89,37,08,41,814	1,05,40,96,07,622
उप-योग (I)	**26,73,86,65,43,897**	**19,64,17,18,42,644**

तुलनपत्र की अनुसूचियाँ

अनुसूची IV उधारियां (Contd.)

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
II) भारत के बाहर उधारियां		
(क) केएफडब्ल्यू, जर्मनी	1,38,94,71,253	3,70,76,76,702
(ख) जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए)	6,07,59,66,719	10,79,57,17,856
(ग) आईएफएडी, रोम	99,22,22,858	1,05,46,39,489
(घ) विश्व बैंक	22,85,75,57,273	26,31,12,58,470
(ङ) अन्य	27,30,77,639	53,80,68,387
उप-योग (II)	**31,58,82,95,742**	**42,40,73,60,905**
योग (I & II)	**27,05,45,48,39,639**	**20,06,57,92,03,549**

अनुसूची V अन्य देयताएं व प्रावधान:

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
उपचित ब्याज	46,36,54,05,347	27,67,89,02,900
सिडबी कर्मचारी भविष्य निधि के लिए प्रावधान	4,17,08,65,424	3,93,85,26,360
सिडबी पेंशन निधि के लिए प्रावधान	1,12,40,51,149	44,04,31,465
कर्मचारियों के अन्य लाभ के लिए प्रावधान	3,35,42,75,456	1,90,38,47,208
विदेशी मुद्रा दर में उतार-चढ़ाव केलिए प्रावधान	1,53,73,62,766	1,53,73,62,766
मानक आस्तियों के लिए किए गए आकस्मिक प्रावधान	34,43,01,42,221	17,57,93,51,338
प्रस्तावित लाभांश (लाभांश पर कर सहित)	1,13,70,82,338	1,13,70,82,338
निधियां - आकांक्षा निधि, स्टार्टअप के लिए निधियों की निधि, पीआरएफ, पीआरएसएफ आदि	33,27,13,78,808	23,12,59,58,271
अस्थायी प्रावधान	4,95,67,37,932	4,95,67,37,932
अन्य (प्रावधानों सहित)	8,40,02,33,402	6,49,59,94,832
योग	**1,38,74,75,34,843**	**88,79,41,95,410**

आस्तियां

अनुसूची VI नकदी एवं बैंक शेष

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
1. हाथ में नकदी और भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष राशि	6,08,479	6,14,370
2. अन्य बैंकों में शेष		
(क) भारत में		
i) चालू खातों में	1,93,97,47,338	6,25,86,02,252
ii) अन्य जमा खातों में	3,33,47,76,70,702	2,77,02,47,81,932
(ख) भारत के बाहर		
i) चालू खातों में	1,75,58,878	4,89,40,573
ii) अन्य जमा खातों में	-	2,70,61,56,932
योग	**3,35,43,55,85,397**	**2,86,03,90,96,059**

तुलनपत्र की अनुसूचियाँ

अनुसूची VII निवेश [प्रावधानों को घटाकर]

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
क) राजकोषीय परिचालन		
1. केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियां	2,69,04,48,00,772	1,48,12,97,19,214
2. बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के बॉण्ड और डिबेंचर	19,53,22,74,081	21,81,08,38,302
3. औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्टॉक, शेयर, बॉण्ड और डिबेंचर	51,56,74,010	84,44,58,856
4. म्युचुअल फंड	-	-
5. वाणिज्यिक पत्र	17,96,12,57,158	26,05,26,90,303
6. जमा प्रमाणपत्र	15,55,01,34,525	62,98,61,30,050
7. अन्य	11,00,00,00,000	-
उप-योग (क)	**3,33,60,41,40,546**	**2,59,82,38,36,725**
ख) व्यवसाय परिचालन		
1. बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के शेयर	1,61,51,09,902	1,61,51,09,702
2. बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के बांड और डिबेंचर	-	-
3. औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्टॉक, शेयर, बॉण्ड और डिबेंचर	3,47,28,88,561	5,34,48,59,563
4. सहायक संस्थाओं में निवेश	17,51,04,98,740	17,51,04,98,740
5. उद्यम पूंजी निधि में निवेश - आरसीएफ	4,67,17,29,717	5,24,72,57,872
6. अन्य	3,22,47,13,904	1,34,50,14,270
उप-योग (ख)	**30,49,49,40,824**	**31,06,27,40,147**
योग (क+ख)	**3,64,09,90,81,370**	**2,90,88,65,76,872**

अनुसूची VIII ऋण और अग्रिम [प्रावधान के बाद]

(राशि ` में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
क) निम्नलिखित को पुनर्वित्त		
- बैंक और वित्तीय संस्थाएं	36,31,01,26,04,304	29,81,73,24,72,128
- अल्प वित्त संस्थाएँ	87,71,32,31,093	48,99,64,96,339
- एनबीएफसी	5,52,05,42,45,997	3,34,14,66,70,997
- बिलों की पुनर्भुनाई	-	-
उप-योग (क)	**42,70,78,00,81,394**	**33,64,87,56,39,464**
ख) प्रत्यक्ष ऋण		
- ऋण और अग्रिम	2,75,09,88,63,090	1,93,97,14,30,050
- प्राप्य वित्त योजना	-	9,23,64,439
- भुनाए गए बिल	14,27,17,59,897	5,45,12,46,393
उप-योग (ख)	**2,89,37,06,22,987**	**1,99,51,50,40,882**
योग (क+ख)	**45,60,15,07,04,381**	**35,64,39,06,80,346**

अनुसूची IX स्थिर आस्तियां [मूल्यह्रास घटाकर]

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
1. परिसर	2,81,35,50,735	2,92,87,49,254
2. अन्य	4,83,33,454	3,51,96,697
योग	**2,86,18,84,189**	**2,96,39,45,951**

तुलनपत्र की अनुसूचियाँ

अनुसूची X अन्य आस्तियां:

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
उपचित ब्याज	30,65,77,13,429	15,51,50,83,888
अग्रिम कर (प्रावधान घटाकर)	2,89,32,29,192	1,91,87,79,755
कर्मचारी ऋण	2,23,69,85,494	1,95,26,21,807
व्युत्पन्नी आस्तियां	4,56,03,84,977	5,41,20,83,018
व्यय, जिस सीमा तकबट्टे खाते में नहीं डाला गया है	16,76,79,45,998	17,27,27,73,419
अन्य	7,89,56,95,337	2,42,65,03,383
योग	**65,01,19,54,427**	**44,49,78,45,270**

अनुसूची XI आकस्मिक देयताएं

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
i)	बैंक पर वे दावे जिन्हें ऋण नहीं माना गया है	9,89,43,47,386	9,64,85,12,907
ii)	गारंटी/साख पत्रों के फलस्वरूप	67,38,62,553	42,97,75,967
iii)	वायदा संविदाओं के फलस्वरूप	72,24,92,243	16,78,26,751
iv)	हामीदारी प्रतिबद्धताओं के फलस्वरूप	-	-
v)	आंशिक रूप से चुकता किए गए शेयरों, डिबेंचरों पर न मांगी गई राशियों एवं उद्यम पूंजी निधि आदि से अनाहरित प्रतिबद्धता के फलस्वरूप	97,00,54,081	1,27,42,87,728
vi)	व्युत्पन्नी संविदाओं के फलस्वरूप	25,71,32,45,906	33,61,40,07,657
vii)	अन्य मदें जिनके लिए बैंक की आकस्मिक देयता है	-	-
योग		**37,97,40,02,169**	**45,13,44,11,010**

लाभहानि लेखे की अनुसूचियां

अनुसूची XII ब्याज और बट्टा

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
1.	ऋण, अग्रिम और बिलों पर ब्याज और बट्टा	2,71,81,93,58,227	1,51,72,88,51,545
2.	निवेश/बैंक शेष पर आय	41,28,02,51,854	27,80,65,44,627
योग		**3,13,09,96,10,081**	**1,79,53,53,96,172**

अनुसूची XIII अन्य आय:

(राशि ₹ में)

		31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
1.	अपफ्रंट और प्रसंस्करण शुल्क	1,16,43,48,452	78,08,41,042
2.	कमीशन और दलाली	2,02,56,743	1,09,30,972
3.	निवेश की बिक्री से लाभ	86,65,00,642	44,63,03,402
4.	सहायक/सहयोगी संस्थाओं से लाभांश आदि के माध्यम से अर्जित आय	34,13,05,185	27,14,88,889
5.	पिछले वर्षों के प्रावधानों का पुनरांकन	-	-
6.	अशोध्य ऋणों से वसूली	2,27,76,44,029	2,86,91,76,097
7.	प्रावधानों का प्रत्यावर्तन / एएफसीएल के अंतर्गत ईआरएफएफ	-	-
8.	अन्य	1,65,12,49,367	93,40,41,398
योग		**6,32,13,04,418**	**5,31,27,81,800**

अनुसूची XIV परिचालनगत व्यय:

(राशि ₹ में)

	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023
कर्मचारियों को भुगतान और प्रावधान	8,27,60,25,569	5,06,67,84,567
किराया, कर और प्रकाश व्यवस्था	22,08,27,134	18,17,03,219
मुद्रण और स्टेशनरी, डाक/कूरियर और टेली और बीमा	2,20,75,109	2,10,30,252
विज्ञापन और प्रचार	27,63,00,600	11,47,42,304
बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास / परिशोधन	61,19,85,624	26,23,28,294
निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	53,14,229	81,12,867
लेखा परीक्षक की फीस	33,21,257	32,92,016
विधि प्रभार	1,97,89,911	2,97,91,239
मरम्मत और रखरखाव	39,81,24,019	27,60,81,381
निर्गम व्यय	7,77,36,100	5,60,22,041
पूंजी प्रतिबद्धता, प्रबंधन शुल्क आदि।	13,37,33,616	19,79,10,602
निविष्ट कर क्रेडिट उपलब्ध नहीं	31,67,48,282	19,19,22,592
सीजीटीएमएसई को अंशदान	5,00,00,00,000	-
अन्य व्यय	3,28,87,17,942	1,82,56,08,261
योग	**18,65,06,99,392**	**8,23,53,29,635**

अनुसूची XV- महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

1. तैयार करने का आधार

वित्तीय विवरण सभी महत्त्वपूर्ण दृष्टियों से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 एवं उसके विनियमों, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदण्डों, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी प्रयोज्य लेखा मानकों और बैंकिंग उद्योग में प्रचलित पद्धतियों के अनुपालन में तैयार किए गए हैं। जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, समेकित वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत पद्धति के अंतर्गत उपचय आधार पर तैयार किए गए हैं। जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, बैंक द्वारा लागू की गई लेखा-नीतियाँ पिछले वर्ष प्रयोग की गई नीतियों के अनुरूप हैं।

आकलनों का प्रयोग

सामान्यत: स्वीकार्य लेखांकन सिद्धान्तों की अनुरूपता में वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन से अपेक्षित होता है कि वह ऐसे आकलन और अनुमान करे, जो समेकित वित्तीय विवरण की तारीख में आस्तियों और देयताओं की रिपोर्ट की गई राशियों, आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रिपोर्टिंग अवधि हेतु रिपोर्ट की गई आय और व्यय को प्रभावित करते हैं। प्रबंधन का मानना है कि ये अनुमान और मान्यताएँ उचित और विवेकपूर्ण हैं। तथापि वास्तविक परिणाम उक्त आकलनों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा आकलनों में किसी पुनरीक्षण को संबंधित लेखा-मानक की अपेक्षाओं के अनुरूप भविष्यलक्षी प्रभाव से वर्तमान और भावी अवधियों में दर्शाया जाता है।

2. राजस्व निर्धारण

राजस्व निर्धारण उस सीमा तक किया जाता है, जहां तक आर्थिक लाभ बैंक को प्राप्त होने की संभाव्यता हो और राजस्व विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता हो।

क) आय:

i. दांडिक ब्याज सहित ब्याज आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है, सिवाय गैर निष्पादक आस्तियों के मामलों के, जहाँ उसे वसूली के बाद हिसाब में लिया जाता है।

ii. लाभ-हानि लेखे में आय को सकल रूप में अर्थात् आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों और बैंक की आंतरिक नीति के अनुसार अन्य प्रावधानों के पूर्व दर्शाया जाता है।

iii. बिलों की भुनाई/ पुनर्भुनाई से प्राप्त भुनाई को तथा भुनाए गए लिखतों की भुनाई को लिखतों की पूरी मीयाद में सतत प्रतिफल आधार पर दर्शाया जाता है।

iv. मानक (निष्पादक) आस्तियों के संबंध में वचनबद्धता प्रभार, बीज पूँजी/ सुलभ ऋण सहायता पर सेवा-प्रभार और रॉयल्टी आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

v. औद्योगिक प्रतिष्ठानों और वित्तीय संस्थाओं में धारित शेयरों पर लाभांश को आय के रूप में तब निर्धारित किया जाता है जब लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है।

vi. उद्यम पूंजी निधियों से होने वाली आय को वसूली के आधार पर हिसाब में लिया जाता है। उद्यम पूंजी निधि के यूनिटों/ शेयरों, जो 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी में हों, के मोचन को बिक्री नहीं माना जाता है।

vii. गैर-निष्पादक आस्तियों की वसूली को निम्नलिखित क्रम से विनियोजित किया जाएगा:

1) गैर-निष्पादक आस्ति बनने की तारीख तक अतिदेय ब्याज,

2) मूलधन,

3) लागत एवं प्रभार,

4) ब्याज एवं

5) दंडात्मक ब्याज

viii. प्रत्यक्ष समनुदेशन के जरिए ऋणों एवं अग्रिमों की बिक्री पर हुए लाभ/हानि को भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है।

ix. पिछले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के प्रति प्राप्त राशियों को लाभ-हानि लेखे में आय के रूप में लिया जाता है।

x. किसी भी श्रेणी के निवेशों की बिक्री से लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है। तथापि 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर लाभ के मामले में, समतुल्य राशि से लागू करों को घटाकर उसे पूँजी आरक्षितियों में विनियोजित कर दिया जाता है।

xi. सात वर्ष से अधिक की अवधि हेतु दावा न की गई देयताओं (सांविधिक देयताओं को छोड़कर) के रूप में पड़ी राशि को आय के रूप में दर्शाया जाता है।

xii बैंक ने आयकर रिफंड पर ब्याज को, आयकर विभाग द्वारा जारी ऐसे रिफंड आदेशों/उन्हें प्रभावी करने वाले आदेशों की प्राप्ति के बाद, हिसाब में लिया है।

xiii उधारकर्ताओं से सीजीटीएमएसई शुल्क, मूल्यांकन प्रभार, अधिवक्ता शुल्क, बीमा, अपफ्रंट शुल्क / प्रसंस्करण शुल्क आदि की वसूली नकद आधार पर हिसाब में ली जाती है।

xiv एलसी /बैंक गारंटी पर कमीशन को उपचय आधार पर, अवधि के अनुपात में, निर्धारित किया जाता है।

ख) व्यय:

i. विकास व्यय को छोड़कर शेष सभी व्यय उपचय आधार पर हिसाब में लिए जाते हैं। विकास व्यय को नकद आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

ii. जारी किए गए बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों पर बट्टे को बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया जाता है। बॉण्ड जारी करने संबंधी व्ययों को बॉण्डों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया जाता है।

3. निवेश:

(i) निवेश वर्गीकरण और मूल्यांकन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, संपूर्ण निवेश संविभाग को 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री हेतु उपलब्ध' तथा 'व्यापार हेतु धारित' की श्रेणियों में विभाजित कर दिया जाता है। निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। प्रत्येक श्रेणी के निवेशों को निम्नवत पुनः वर्गीकृत किया जाता हैः

क) सरकारी प्रतिभूतियाँ,

ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ,

ग) शेयर,

घ) डिबेंचर तथा बॉण्ड,

ङ) सहायक संस्थाएँ/संयुक्त उद्यम और

च) अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्युचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति रसीदें, जमा प्रमाणपत्र आदि)

(क) परिपक्वता तक धारित:

परिपक्वता तक बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत रखा जाता है। ऐसे निवेशों को अर्जन लागत पर रखा जाता है, बशर्ते वह अंकित मूल्य से अधिक न हो। अर्जन लागत अंकित मूल्य से अधिक होने पर, प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित कर दिया जाता है। सहायक संस्थाओं में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इस श्रेणी के अंतर्गत निवेशों के मूल्य में कमी (अस्थायी को छोड़कर) के लिए प्रत्येक निवेश के संबंध में अलग-अलग प्रावधान किया जाता है।

(ख) व्यापार हेतु धारित:

अल्पावधि मूल्य/ब्याज-दर परिवर्तन का लाभ उठाते हुए 90 दिनों में पुनः बेचने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'व्यापार हेतु धारित' श्रेणी में रखा जाता है। इस श्रेणी के निवेशों का स्क्रिप-अनुसार पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और निवल मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास को अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में तत्संगत परिवर्तन करते हुए लाभ-हानि लेखे में हिसाब में लिया जाता है।

ट्रेड / कोट किए गए निवेशों के संबंध में, बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों पर उपलब्ध ट्रेड / कोट से लिया जाता है।

(ग) बिक्री हेतु उपलब्ध:

उपर्युक्त दो श्रेणियों के अंतर्गत न आनेवाले निवेशों को 'बिक्री हेतु उपलब्ध' श्रेणी में रखा जाता है। इस श्रेणी के अंतर्गत अलग-अलग स्क्रिपों का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और उक्त वर्गीकरण में से किसी के भी अंतर्गत हुए निवल मूल्यह्रास को लाभ और हानि लेखे में हिसाब में लिया जाता है। किसी भी वर्गीकरण के अंतर्गत निवल मूल्यवृद्धि को नज़रअंदाज कर दिया जाता है। पुनर्मूल्यांकन के बाद अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में परिवर्तन नहीं किया जाता है।

(ii) निवेश को उसकी खरीद के समय 'परिपक्वता तक धारित', या 'बिक्री के लिए उपलब्ध' या 'व्यापार के लिए धारित' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा बाद में इसकी श्रेणियों में अंतरण और उसका मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाता है।

(iii) बट्टेवाले लिखत होने के नाते कोषागार बिलों, वाणिज्यिक पत्रों और जमा प्रमाणपत्रों का मूल्यनिर्धारण रखाव मूल्य पर किया जाता है।

(iv) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्य निर्धारण बाजार मूल्यों पर किया जाता है और जो सरकारी प्रतिभूतियां उद्धृत नहीं होती हैं / जिनका व्यापार नहीं होता है, उनका मूल्य निर्धारण फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्रा. लि. (एफबीआईएल) द्वारा घोषित मूल्यों पर किया जाता है।

(v) जो निवेश भारत सरकार द्वारा प्रदत्त समूहनिधि या निधि में से किए जाते हैं और जिन्हें संबंधित निधि शेषराशियों से घटा दिया जाता है, उन्हें लागत पर रखा जाता है और वे भारतीय रिजर्व बैंक के मूल्य निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों के अधीन नहीं होते।

(vi) निवेशों में खरीद और बिक्री के संव्यवहारों को 'निपटान-तारीख' लेखांकन पद्धति के अनुसार दर्ज किया जाता है।

(vii) जो डिबेंचर/बाण्ड/शेयर अग्रिम के स्वरूप के माने जाते हैं, वे ऋण और अग्रिमों पर लागू सामान्य विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन होते हैं।

(viii) निवेशों की लागत का निर्धारण भारित औसत लागत पद्धति से किया जाता है।

(ix) खरीद/बिक्री के समय अदा की गई दलाली, कमीशन आदि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है।

(x) ऋण-निवेश पर प्रदत्त/प्राप्त खंडित अवधि-ब्याज को ब्याज व्यय/आय माना जाता है और उसे लागत/बिक्री-राशि में शामिल नहीं किया जाता है।

(xi) बीज पूँजी योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में गैर-उद्धृत निवेशों के संबंध में पूर्ण प्रावधान किया गया है।

(xii) भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, म्यूचुअल फंड की यूनिटों का मूल्य निर्धारण उनके पुनर्खरीद मूल्य पर किया जाता है।

(xiii) गैर-उद्धृत निश्चित आय वाली प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर) का मूल्यनिर्धारण परिपक्वता पर प्रतिफल आधार पर किया जाता है, जो समान परिपक्वता अवधि वाली केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों हेतु परिपक्वता पर प्रतिफल की दर के ऊपर उपयुक्त मार्क-अप के आधार पर होता है। ये मार्क अप और परिपक्वता पर प्रतिफल की दरें एफबीआईएल द्वारा प्रकाशित संगत दरों के अनुसार होती हैं।

(xiv) गैर-उद्धृत शेयरों का मूल्यनिर्धारण ब्रेकअप मूल्य पर किया जाता है, यदि निवेशिती कंपनियों के नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण उपलब्ध हों, या फिर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति कंपनी मूल्य ₹1/- है।

4. विदेशी मुद्रा संव्यवहार

विदेशी मुद्रा संव्यवहारों को लेखा-बहियों में संबंधित विदेशी मुद्रा में संव्यवहार के दिन लागू विनिमय दरों पर दर्ज़ किया जाता है। विदेशी मुद्रा वाले संव्यवहारों का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक (एएस)-11 के अनुसार निम्नलिखित रूप में किया जाता है।

i. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, गारंटियों, संस्वीकृतियों, बेचानों एवं अन्य दायित्वों के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) द्वारा अधिसूचित बंद विनिमय दरों पर की जाती है।

ii. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) द्वारा तुलन-पत्र की तारीख को अधिसूचित बंद विनियम दरों पर परिवर्तित किया जाता है।

iii. विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय मदों को वास्तविक बिक्री/खरीद के माध्यम से मासिक अन्तरालों पर परिवर्तित किया जाता है और उन्हें तदनुसार लाभ-हानि लेखा में हिसाब में लिया जाता है।

iv. विदेशी मुद्रा ऋण-व्यवस्था संबंधी पुनर्मूल्यांकन अन्तर को, विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंध हेतु भारत सरकार के परामर्श से, खोले गए एक विशेष खाते में समायोजित और दर्ज किया जाता है।

v. विदेशी मुद्रा संविदाओं और व्युत्पन्नी संव्यवहारों के संबंध में बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बचाव व्यवस्था (हेज) लेखांकन का अनुसरण करता है।

vi. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर को उस अवधि में आय या व्यय के रूप में दर्शाया जाता है, जिस अवधि में वे उत्पन्न होते हैं।

vii. जो बकाया वायदा विनिमय संविदाएं व्यापार के लिए नहीं होतीं, उनका पुनर्मूल्यांकन फेडाई द्वारा अधिसूचित विनियम दरों पर किया जाता है।

5. व्युत्पन्नियाँ

बैंक अपनी विदेशी मुद्रा देयताओं की बचाव व्यवस्था के लिए वर्तमान में मुद्रा व्युत्पन्नियों जैसे अंतर-मुद्रा ब्याज-दर विनिमयों का व्यापार करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार बचाव- व्यवस्था के उद्देश्य से किए गए उक्त व्युत्पन्नी संव्यवहारों का लेखांकन उपचय आधार पर किया जाता है। संविदायी रुपया राशि पर व्युत्पन्नी संविदाओं से उत्पन्न आकस्मिक देयताओं को तुलन-पत्र की तारीख को रिपोर्ट किया जाता है।

6. ऋण एवं अग्रिम

i. ऋण और अन्य सहायता संविभाग को निरूपित करने वाली आस्तियों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप निष्पादक और गैर-निष्पादक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

ii. तुलन-पत्र में उल्लिखित अग्रिम, गैर निष्पादक आस्तियों एवं पुनर्संरचित आस्तियों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाकर दर्शाए जाते है।

iii. मानक आस्तियों के प्रति सामान्य प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाते हैं।

iv. चल प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों एवं निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुरूप, किए और उपयोग में लाए जाते हैं।

7. कराधान

(i) कर संबंधी व्यय में वर्तमान कर और आस्थगित कर, दोनों शामिल हैं। वर्तमान आयकर की गणना आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार आयकर प्राधिकारियों को अदा की जाने वाली संभावित राशि और आय परिकलन और प्रकटीकरण मानकों के आधार पर की जाती है।

(ii) आस्थगित आय-कर, वर्ष की कर-योग्य आय तथा लेखांकन आय के मध्य वर्तमान वर्ष के समयांतराल और पूर्ववर्ती वर्षों के समयांतराल के प्रत्यावर्तन के प्रभाव को दर्शाता है। आस्थगित कर की गणना तुलन-पत्र की तारीख तक अधिनियमित अथवा सारभूत रूप से अधिनियमित कर-कानूनों और कर की दरों के आधार पर की जाती है।

(iii) आस्थगित कर आस्तियाँ केवल उस सीमा तक निर्धारित की गई हैं, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसे आस्थगित कर आस्तियों की वसूली हो सकती है। पूर्ववर्ती वर्षों की अनिर्धारित आस्थगित कर आस्तियों का उस सीमा तक पुनर्मूल्यांकन और निर्धारण किया गया है, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली हो सकती है।

(iv) विभागीय अपीलों सहित जिन विवादित करों हेतु प्रावधान नहीं किए जाते हैं, उन्हें आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत शामिल किया जाता है।

8. प्रतिभूतीकरण

(i) बैंक क्रेडिट रेटिंग-युक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आस्ति-समूहों को बैंकों/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी पास-थ्रू-प्रमाणपत्रों के ज़रिए खरीदता है। इस प्रकार के प्रतिभूतीकरण संव्यवहार निवेश के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं और निवेश के उद्देश्य के आधार पर उनका आगे वर्गीकरण व्यापार हेतु धारित/विक्रय हेतु उपलब्ध के रूप में किया जाता है।

(ii) बैंक द्विपक्षीय प्रत्यक्ष समनुदेशन के अंतर्गत क्रेडिट रेटिंग-युक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आस्ति-समूहों को खरीदता है। ऐसे प्रत्यक्ष समनुदेशन संव्यवहारों को बैंक द्वारा 'अग्रिम' के रूप में लेखांकित किया जाता है।

